नवोदय विद्यालय समिति,नोएडा

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2021-22

कक्षा - VII

समय-3 घण्टे　　　　विषय - हिन्दी(अ)　　　　अधिकतम अंक- 80

निर्देश- (i)इस प्रश्नपत्र के चार खंड हैं

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |

(iii) यथा संभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए |

(iv) सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं |

खंड क

प्र॰1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1×5

साहस की जिन्दगी सबसे बड़ी जिन्दगी होती है | ऐसी जिन्दगी की सबसे बड़ी विशेषता होती है कि वह बिल्कुल निडर तथा बेखौप होती है | साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे है ? जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है | अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना साधारण जीव का काम है ,क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पडोसी के उद्देश्य से करते हैं और न ही अपनी चाल को पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम करते हैं |

(i) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए-

(अ) साहस की जिन्दगी

(ब) आम आदमी

(स) अड़ोस -पड़ोस

(द) जनमत की उपेक्षा

(ii) साधारण जीव का क्या काम है ?

(अ) जनमत की उपेक्षा करना |

(ब) अड़ोस - पड़ोस को देखकर चलना |

(स) अपनी चाल को कम रखना |

(द) ये सभी |

(iii) क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना किससे करते हैं ?

(अ) देश दुनिया से |

(ब) अपने पड़ोसी से |

(स) पड़ोसी की चाल से |

(द) इनमें से किसी से नही |

(iv) मनुष्यता को प्रकाश किस आदमी से मिलता है ?

(अ) जनमत की अपेक्षा करने वाले से |

(ब) जनमत की उपेक्षा करने वाले से |

(स) उपर्युक्त दोनों से |

(द) उपर्युक्त दोनों से नहीं |

(v) बेखौफ शब्द का अर्थ है -

(अ) डरावना (ब) खुफिया (स) निडर (द) कमाल |

प्र॰ 2 काव्यांश को पढ़कर उत्तर दीजिए - 1×5

कहो तुम्हारी जन्मभूमि का है कितना विस्तार ?

भिन्न-भिन्न यदि देश हमारे तो है किसका संसार ?

धरती को हम काटें छाँटें,

तो उस अंबर को भी बांटे,

एक अनल है, एक सलिल है, एक अनिल संचार |

कहो तुम्हारी जन्म भूमि का है कितना विस्तार ?

एक भूमि है ,एक व्योम है, एक सूर्य है, एक सोम है,

एक प्रकृति है, एक पुरुष है, अगणित रूपकार |

कहो तुम्हारी जन्म भूमि का है कितना विस्तार ?

(i) कवि ने जन्म भूमि का विस्तार कहाँ तक माना है ?
(अ) एक गाँव तक (ब)एक देश तक (स) कुछ देशों तक (द) सम्पूर्ण संसार तक

(ii) कवि ने देश की अभिन्नता को कैसे प्रकट किया है ?

अ) हवा पानी सूर्य एक है |
(ब) भूमि आकाश एक है |
(स) सूर्य चंद्रमा एक है |
(द) उपर्युक्त सभी |

(iii)धरती को विभिन्न देशों में बाँटने वालों के लिए क्या बाँटना असंभव है ?
(अ) सूर्य को (ब) आकाश को (स) चंद्रमा को (द) सभी को
(iv) अनल का क्या अर्थ है ?
(अ) हवा (ब) पानी (स) आकाश (द) आग

(v) पानी का पर्यायवाची है ?

(अ) अनल (ब) सलिल (स) व्योम (द) सोम

प्र॰3 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ? 1×5

महान वैज्ञानिक आइजक न्यूटन अत्यंत विनम्र स्वभाव के थे | उनकी मान्यता थी कि अहंकार हमारी मनुष्यता को खा जाता है , जिससे विभिन्न क्षेत्रों में की गयी हमारी प्रगति भी हमारे लिए अभिशाप बन जाती है | कहा जाता है कि एक बार न्यूटन बहुत बीमार पड़े | अंतिम घड़ी निकट थी | उनके एक नजदीकी मित्र ने उन्हें तसल्ली देते हुए कहा "आपके लिए यह संतोष और गर्व की बात है कि आपने प्रकृति के रहस्यों को उजागर करने में बड़ी रूचि ली और उन्हें बड़े निकट से जानकार उजागर किया" | सुनकर न्यूटन बोले " संसार मेरे अनुसन्धानों के बारे में कुछ भी कहे , लेकिन मुझे प्रतीत होता है कि मैं समुद्र तट पर खेलने वाले उस बच्चे के समान हूँ जिसको कभी - कभी अपने साथियों की अपेक्षा कुछ अधिक सुंदर पत्थर, सीप व शंख मिल जाते है | वास्तविकता तो यह है कि सत्य का अथाह समुद्र मेरे सामने अब भी बिन खोजा पड़ा है |

(i)न्यूटन का स्वभाव कैसा था ?

(अ) अत्यंत क्रूर (ब) अत्यंत विनम्र (स) समान्य (द) इनमें से कोई नही

(ii) न्यूटन को तसल्ली क्यों दी गई ?

(अ) अंतिम घड़ी निकट थी |

(ब) वह गुस्से में था |

(स) वह किसी पर भरोसा नही करता था |

(द) ये सभी |

(iii) न्यूटन ने अपने आपको किसके समान बताया ?

(अ) मछली के समान (ब) बच्चे के समान (स) सीप के समान (द) पत्थर के समान

(iv) अभिशाप शब्द का विलोम है -

(अ) शाप (ब) महान (स) वरदान (द) समान

(v) संतोष और गर्व की बात किसने किसको बताई ?

(अ) न्यूटन ने मित्र को (ब) पिता ने न्यूटन को (स) मित्र ने न्यूटन को (द) इनमें से कोई नही |

प्र॰ 4 काव्यांश को पढ़कर उत्तर दीजिए - 1×5

मैं तो वही खिलौना लूँगा , मचल गया दीना का लाल

जिसको लेकर खेल रहा था राजकुमार उछाल उछाल

व्यथित हो उठी माँ बेचारी था स्वर्ण निर्मित वह तो

खेल इसी से लाल, नहीं है

राजा के घर भी यह तो

राजा के घर, नहीं - नहीं माँ

तू मुझको बहकाती है

इस मिट्टी से खेलेगा क्या

राजपुत्र तू ही कह तो |

फेंक दिया मिट्टी में उसने ,

मिट्टी का गुड्डा तत्काल,

मैं तो वही खिलौना लूँगा,

मचल गया दीना का लाल

(I) दीना के लाल को कौनसा खिलौना चाहिए था ?

(अ) पड़ोसी वाला (ब) दोस्तों वाला (स) राजकुमार वाला (द) दुकान वाला

(ii) राजकुमार का खिलौना किसका बना हुआ था ?

(अ) सोने से (ब) चाँदी से (स) लोहे से (द) पीतल से

(III) लाल शब्द का यहाँ क्या अर्थ है ?

(अ) भाई (ब) बेटा (स) शत्रु (द) मित्र

(iv) माँ के व्यथित होने का क्या कारण था ?

(अ) लाल का मचलना (ब) राजुकमार का उछलना (स) ये दोनों (द) ये दोनों नहीं

(v) मिट्टी का गुड्डा किसने फेंक दिया ?

(अ)राजकुमार ने (ब) राजा ने (स) माँ ने (द) दीना के लाल ने

प्र॰ 5 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ? 1×5

दिन में मैं चादर लपेटे सोया था | दादी माँ आई, शायद नहाकर आई थी, उसी झाग वाले जल में | पतले- दुबले स्नेह सने शरीर पर सफ़ेद किनारीहीन धोती , सन से सफ़ेद बालों के सिरों पर सद्य: टपके हुए जल की शीतलता | आते ही उन्होने सर ,पेट छुए | आँचल की गाँठ खोल किसी अदृश्य शक्तिधारी के चबूतरे की मिट्टी मेरे मुँह में डाली ,माथे पर लगाई | दिन-रात चारपाई के पास बैठी रहती, कभी पंखा झलती, कभी जलते हुए हाथ पैर कपड़े से सहलाती, सर पर दाल-चीनी का लेप करती और बीसों बार छू - छू कर ज्वर का अनुमान करती | हाण्डी में पानी आया कि नहीं ? इसे पीपल की छाल से छौंका कि नहीं ? खिचड़ी में मूँग की दाल एकदम मिल तो गई है ? कोई बीमार के घर में सीधे बाहर से आकर तो नहीं चला गया आदि लाखों प्रश्न पूछ - पूछ कर घरवालों को परेशान कर देती |

(i)दादी माँ ने लेखक के सर तथा पेट को क्यों छुआ ?

(अ) जादू करने के लिए (ब) बीमार करने के लिए (स) ज्वर मापने के लिए (द) उपरोक्त सभी

(ii) दाल-चीनी क्या है-

(अ) दाल और चीनी (ब) एक पौधे का नाम (स) एक प्रकार का पेय पदार्थ (ड) मिश्रण

(iii) किसी अदृश्य शक्तिधारी की मिट्टी का प्रयोग करने का क्या कारण है ?

(अ) केवल आस्था (ब) वह रोगमुक्त करती है (स) संसार उसी पर निर्भर है (द) उपरोक्त मे से कोई नहीं

(iv) लाखों प्रश्न पूछने से क्या आशय है ?

(अ) कई लाख प्रश्न (ब) एक लाख प्रश्न (स) बहुत सारे प्रश्न (द) हजारों प्रश्न

(v) बीमार के घर मे दूसरों को सीधे न आने के लिए क्यों कहा गया है ?

(अ) कोई रोग आ सकता है (ब) कोई रोग जा सकता है (स) उपरोक्त दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

प्र॰ 6 काव्यांश को पढ़कर उत्तर दीजिए - 1×5

आकाश का साफा बाँधकर

सूरज की चिलम खींचता,

बैठा है पहाड़,

घुटनों पर पड़ी है नदी चादर सी,

पास ही दहक रही है

पलाश के जंगल की अँगीठी,

अंधकार दूर पूर्व में,

सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले सा |

(i) आकाश का साफा किसने बाँध रखा है ?

(अ) धरती ने (ब) सूरज ने (स) चिलम ने (द) पहाड़ ने

(ii)चादर के समान किसको बताया है ?

(अ) अँगीठी को (ब) नदी को (स) भेड़ों को (द) घुटनों को

(iii)गल्ले शब्द का क्या अर्थ है ?

(अ) झुंड (ब) समूह (स) उपरोक्त दोनों (द) सिमटना

(iv) अंधकार कौन सी दिशा में है ?

(अ) पूर्व (ब) पश्चिम (स) उत्तर (द) दक्षिण

(v) काव्यांश में दिन के किस समय का वर्णन है ?

(अ) प्रात: काल (ब) दोपहर (स) संध्या (द) उपरोक्त सभी

7 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 1×5

माधवदास ने अपनी संगमरमर की नयी कोठी बनवाई है | उसके सामने बहुत सुहावना बगीचा भी लगवाया है | उनको कला से बहुत प्रेम है | धन की कमी नहीं है और व्यसन छू नहीं गया है | सुंदर अभिरुचि के आदमी हैं |फूल -पौधे, रकबियों से हौजों मे लगे फव्वारों मे उछलता हुआ पानी उन्हें बहुत अच्छा लगता है | समय भी उनके पास काफी है | शाम को जब दिन की गर्मी ढल जाती है और आसमान कई रंग का हो जाता है तब कोठी के बाहर चबूतरे पर तख्त डलवाकर मसनद के सहारे वह गलीचे पर बैठते हैं और प्रकृति की छटा निहारते हैं | इनमे मानो उनके मन को तृप्ति मिलती है | मित्र हुए तो उनसे विनोद -चर्चा करते है, नहीं तो पास रखे हुए फरसी हुक्के की सटक को मुंह मे दिए खयाल ही खयाल मे संध्या को स्वप्न की भाँति गुजार देते है |

(i) संगमरमर क्या है ?

(अ) लकड़ी (ब) पत्थर (स) लोहा (द) चूना

(ii) माधवदास को बहुत अच्छा लगता था -

(अ) फूल पौधे (ब) फव्वारों का पानी (स) ये दोनों (द) व्यसन

(iii) माधव दास किसके सहारे गलीचे पर बैठते थे ?

(अ) चबूतरे के (ब) तख्त के (स) रकाबियों के (द) मसनद के

(iv) संध्या को माधव दास किसकी भांति गुजार देते थे ?

(अ) गर्मी की भाँति (ब) स्वप्न की भाँति (स) कला की भाँति (द) इनमे से कोई नहीं

(v) फरसी हुक्का क्या है ?

(अ) फर्श पर रखने का हुक्का (ब) पंचायत (स) हुक्के के का एक प्रकार (द) व्यसन

प्र॰ 8 काव्यांश को पढ़कर उत्तर दीजिए - 1×5

ऐसे थे अरमान कि उड़ते, नीले नभ की सीमा पाने,

लाल किरण सी चोंच खोल, चुगते तारक अनार के दाने |

होती सीमा हीन क्षितिज से, इन पंखों की होड़ा होड़ी,

या तो क्षितिज मिलन बन जाता, या तनती साँसों की डोरी |

(i) पक्षियों की चोंच किसके समान बताई गयी है ?

(अ) अनार (ब) नभ (स) किरण (द) तारक

(ii) पक्षियों के क्या अरमान है ?

(अ) पिंजरे में बंद रहना |
(ब) घर बनाना |
(स) आसमान में उड़ना |
(द) फल खाना |

(iii) तारक -अनार के दाने का क्या आशय है ?

(अ) तारे व अनार |

(ब) तारों रूपी अनार के दाने |

(स) आकाश के अनार |

(द) ये सभी

(iv) क्षितिज से अभिप्राय है ?

(अ) आसमान का केंद्र

(ब) धरती का बीच

(स) जहाँ समुद्र और धरती मिलती दिखाई दे |

(द) जहाँ आसमान और धरती मिलते हुए प्रतीत हों |

(v) पंखों की होड़ा-होड़ी का पक्षी क्या परिणाम सोचता है ?

(अ) क्षितिज मिल जाता |

(ब) साँसों की डोरी तन जाती |

(स) मृत्यु हो जाती |

(द) ये सभी |

## खंड ख

व्यावहारिक व्याकरण (1+1+1+1+1+1+1+1+2 )

प्र॰ 9 निम्नलिखित में से भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है- 1

(अ) नदी (ब) दिल्ली (स) मनुष्यता (द) ताजमहल

प्र॰10 “जैसा परिश्रम वैसा परिणाम” | वाक्य में सर्वनाम है - 1

(अ) निजवाचक (ब) निश्चयवाचक (स) अनिश्चयवाचक (द) संबंधवाचक

प्र॰11 परिमाणवाचक विशेषण का उदाहरण है - 1

(अ) थोड़े फल खा लो (ब) मेरे पास बहुत मोबाइल है (स) चार लीटर दूध लाओ |

(द) माधवदास का सुन्दर बगीचा था |

प्र॰12 “साक्षी फूल तोड़ रही है” वाक्य में क्रिया है - 1

(अ) सकर्मक (ब) अकर्मक (स) अकर्मक सकर्मक दोनों (द) इनमे से कोई नहीं

प्र॰13 निम्नलिखित में से शब्द का तद्भव रूप है -
1

(अ) मयूर (ब) हाथ (स) अग्नि (द) पत्र

प्र॰14 वर्तनी की दृष्टि से सही है - 1

(अ) उज्जवल (ब) उज्जवाल (स) उजवल (द) उज्ज्वल

प्र॰15 ईमानदारी शब्द में प्रत्यय है - 1

(अ) री (ब) इ (स) ई (द) नदारी

प्र॰16 “कुपुत्र” शब्द में उपसर्ग है- 1

(अ) कु (ब) कुप (स) पुत्र (द) त्र

प्र॰17 चिकना घड़ा होना, मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए | 2

## खंड ग

निर्देश प्रश्न संख्या 18 ,19 के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए-

प्र॰18 निम्नलिखित में से किन्हीं सात प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2×7

(क) नदियों को माँ मानने की परम्परा हमारे यहाँ काफी पुरानी है |लेकिन लेखक नागार्जुन उन्हे और किन रूपों में देखते है ?

(ख) आपके विचार से कठपुतली ने बंधन तोड़ने के लिए क्यों कहा होगा ?

(ग) मिठाईवाला व्यवसाय में पैसों को कम महत्व क्यों देता था ?

(घ) एनीमिया रोग किन कारणों से होता है ?

(ङ) खून को भानुमती का पिटारा क्यों कहा जाता है ?

(च) लाल ताऊ किस प्रकार अन्य पात्रों से भिन्न था ?

(छ) तोतो-चान ने किस प्रकार यासुकी-चान की मदद की थी ?

(ज) ब्लड बैंक में रक्तदान से क्या लाभ है ?

प्र॰19 पूरक पुस्तक आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2×4

(क) भीष्म से बदला लेने के लिए अम्बा सहायता के लिए किनके पास गई ?

(ख) कर्ण की माँ का क्या नाम था ? तथा कर्ण का लालन - पालन किसने किया था ?

(ग) राजा द्रुपद को कैद करके आचार्य द्रोण के पास कौन लाया था ?

(घ) पुरोचन के बारे मे आप क्या जानते हैं ?

(ङ) राजा द्रुपद ने स्वंयवर मे क्या शर्त रखी थी ?

(च) द्रौपदी का वस्त्र किसने खींचा था ? वस्त्र खींचने में निराली बात क्या थी ?

## खंड घ

प्र॰20 परीक्षा के समय ध्वनि प्रदूषण रोकने हेतु थानाप्रभारी को एक पत्र लिखिए | 4

प्र॰21निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर

निबंध लिखिए - 4

क मोबाइल फोन : वरदान या अभिशाप

संचार का एक विशेष साधन -

मोबाइल के लाभ

मोबाइल से हानि

उपसंहार

ख : यदि मैं भारत का प्रधानमंत्री होता

प्रस्तावना

देश की रक्षा

युवा पीढ़ी के लिए कार्य

बुज़ुर्गों के लिए कार्य

उपसंहार

अथवा

प्र॰ संकेत बिन्दुओं को आधार मानकर लगभग एक सौ शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए |

**स्वच्छ भारत :स्वस्थ भारत**

अभियान का उद्देश्य, लाभ - हानि, निष्कर्ष